तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



08 18 महीने के बजाय 5 साल में भी नहीं मिला मकान का पजेशन...



10 तेज धूप व भीषण गर्मी से लोग हलाकान, सड़कें सुनसान




## खबर संक्षेप

### 5 जुआरियों से 4 हजार जब्त




**बेमेतरा।** पुलिस चौकी देवरबीजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम निनवा में काट पत्ती जुआ की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर 5 जुआरियों को पकड़ा। आरोपियों में रवि वर्मा 25 साल, नरेश निर्मलकर 55 साल, पूनाराम वर्मा 36 साल, दीनुराम निषाद 25 साल, मन्नु भट्ट 29 साल सभी ग्राम निनवा के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया। जुआरियों से नगदी 4310 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक डी.एल. सोना, प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी, आरक्षक रमेश चंद्रवंशी, प्रवीण वर्मा एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

### संगठन ने कठिया में किया पौधारोपण



**बेमेतरा।** पर्यावरण प्रेमी संगठन ने ग्राम कठिया के तालाब किनारे कोरोकॉरपस पौधे का रोपण किया गया । उल्लेखनीय है कि संगठन के द्वारा हर महीने की 21 तारीख को पेड़ -पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प को पूर्ण करते हुए महावीर जयंती जैन के अवसर पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश साहू, सदस्य पंकज साहू ,चम्मन निषाद,खोमन चंद्राकर, रामकृष्ण सेन, धनेश, परदेसी साहू , केदार रोजगार सहायक ,राम बिहारी कोठारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर अनाचार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** किशोरी को शादी का झांसा देकर अनाचार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376, 376(2), 312, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि पप्पू किराना दुकान के पीछे पोटिया निवासी विनोद साहू ने किशोरी से जान पहचान बनाया। उसके बाद परिचय का लाभ उठाते हुए उसे गर्भवती कर दिया। जानकारी होने पर किशोरी को पत्नी बताकर लगातार अस्पताल में जांच कराता रहा। आरोपी ने किशोरी को धमकी भी दिया करता था। शादी के लिए जब किशोरी ने दबाव बनाया तो करने से इनकार कर दिया।

## मौसम

### रात में चल रही है गर्म हवाएं, दोपहर होते ही सड़कें हो रही वीरान

# भीषण गर्मी का प्रकोप जारी पारा 42-44 के बीच पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के बीच अब गर्मी कहर बरपा रही है। अप्रैल का तीसरा सप्ताह शुरू होते ही गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। उत्तर से आ रही शुष्क हवाओं के चलते अंचल का अधिकतम पारा बढ़कर 43 डिग्री तक पहुंच गया है। माहांत तक इसके 45 के करीब पहुंचने के आसार हैं। दिन के अलावा रात का तापमान भी अधिक हो रहा है, रात का तापमान 28 डिग्री के करीब पहुंच गया है।

**मई जैसी गर्मी :** उत्तर पश्चिमी और पश्चिमी शुष्क हवाओं के कारण कई स्थानों पर अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि का अनुमान है, अभी अप्रैल का 1 सप्ताह बाकी है और मई जैसी हालात हो गई है। हालत यह है कि 40 के ऊपर पहुंचा पारा अब लोगों को झुलसाने लगा है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अब सुबह 11 बजे के बाद से ही सड़कें वीरान नजर आ रही है। आवश्यक कार्य होने पर ही लोग घरों, कार्यालयों से बाहर निकल रहे हैं। वर्तमान में तापमान सामान्य से करीब पांच डिग्री अधिक है।



दिनचर्या प्रभावित



इधर बढ़ते तापमान का आलम यह है लोगों के दिनचर्या में बाधा उत्पन्न हो रही है। गर्मी से बचने लोग चेहरा ढंगकर निकल रहे हैं और अपना काम कर रहे हैं। इसके साथ ही स्कूलों व शासकीय कार्यालय में कार्यरत कर्मी भी बेहाल हो हो रहे हैं। क्योंकि कई स्कूलों व शासकीय कार्यालय में पंखे को छोड़ अन्य कोई साधन गर्मी से छुटकारा पाने के लिए उपलब्ध नहीं है। पंखे भी चालू करते हैं तो गर्म हवाओं के थपेड़े पढ़ते हैं।

### स्कूलों में छुट्टी-पालकों ने ली राहत की सांस

राज्य शासन ने बढ़ती भीषण गर्मी के चलते आज 22 अप्रैल से 15 जून तक स्कूलों से बच्चों की छुट्टी का आदेश निकाल दिया है। स्कूलों की छुट्टी से एक तरह से पालकों ने भी राहत की सांस ली है। दिन भर तेज गर्मी से बेहाल स्कूली बच्चों को राहत मिलेगी। खास कर के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे ज्यादा ही परेशान थे, गर्मी और तेज धूप के चलते पालक भी स्कूलों की छुट्टी की मांग कर रहे थे।

### हिट वेव कब माना जाता है

मौसम विभाग के मुताबिक हिट वेव तब मानी जाती है जब मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। वहीं 2 दिन या इससे अधिक सामान्य से अधिक तापमान होने में ऐसा कहा जाता है। ज्ञात हो कि जिले में बीते 5 दिनों से तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है, इसके आने वाले दिनों में और बढ़ने के आसार हैं।

# बीजागोड के बाजार में पुलिस ने लगाई चौपाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अपराध के प्रति सजग रहने ग्रामीणों को दिया संदेश

जिले में हमर पुलिस हमर बजार अभियान के तहत हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में चौपाल लगाकर कानून से संबंधित विषयों पर जागरूक किया जाता है।

इसी क्रम में शनिवार को थाना साजा स्टाफ ने ग्राम बीजागोड के बाजार में आसपास के ग्रामों से आए ग्रामीण की चौपाल लगाई और उन्हें साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर, एटीएम कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंब,र पिन नंबर, ओटीपी, पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे। क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें ओर जरूरी होने पर त्वरित अपनी शिकायत करें। इस दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीणों से कहा कि थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। पुलिस अमले ग्रामीणों को नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनने की बात कहते हुए यातायात के नियमो की जानकारी देते हुए बताया की यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र ने किया नवागढ़ क्षेत्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- केंद्र की भाजपा सरकार हर मामले में फेल : साहू

कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने जिले में जनसंपर्क दौरा किया। बेमेतरा जिले के केंद्रीय कार्यालय की महत्वपूर्ण बैठक में राजेंद्र साहू ने उपस्थित वरिष्ठजनों से विचार विमर्श कर चुनावी रणनीति तय की। इस दौरान पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल, पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे, भिलाई की पूर्व महापौर नीता लोधी, सुरेंद्र तिवारी, विजय बघेल, शत्रुहन साहू, तिलक घोष, सुशीला जोशी, रामेश्वर साहू, रामबिहारी, अनीता पात्रे, शक्तिधर दीवान, राकेश



जायसवाल, देवेंद्र साहू, अंजलि मार्कंडेय, नेमा निषाद, प्यारे साहू, वीरेंद्र साहू, दिनेश बघेल, लव राजपूत, लखन कुर्रे, बंशी ठाकुर, नरेश कुर्रे, द्वारिका सोनवानी, मुरारी साहू, अरमान साहू, रामाधार पाल उपस्थित रहे।

राजेंद्र साहू ने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई गांवों का दौरा करते हुए जनसंपर्क किया। विधानसभा क्षेत्र के गांव चारभाठा, ढोलिया, मंजगांव, पंडरभट्टा, पेंड्रीतराई, नरी, मुलमुला, भनसुली, नवागांव, जोगीदीप केसला, कटई, बदनारा, भदराली, मल्दा, मगरघटा, तरपोंगी, नांदघाट में ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात के दौरान उन्होंने कांग्रेस को वोट और समर्थन देने की अपील की। नवागढ़ में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ भी किया गया। नवागढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राजेंद्र साहू ने कहा कि पूरे देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। केंद्र की भाजपा सरकार बीते दस साल में हर मामले में फेल हो गई। न महंगाई कम हुई, न बेरोजगारी दूर हुई। झूठे वादे कर सत्ता संभालने वाली भाजपा ने देशवासियों के साथ वादाखिलाफी की। विदेश से काला धन लाने, हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख देने, किसानों की आय दोगुना करने जैसे कई वादे किये गए थे, लेकिन ये वादे 10 साल बाद भी पूरे नहीं किये गए। देश की जनता अब राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के हित में फैसले कांग्रेस ही कर सकती है। राजेंद्र साहू ने सभी गांवों में कांग्रेस को वोट देकर देश के विकास में भागीदार बनने का आव्हान भी किया।

# बाइक में घूम-घूमकर विजय ने किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल प्रत्याशी बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू हुए। सांसद विजय बघेल के साथ भाजपा नेता योगेश तिवारी मौजूद रहे। ग्रामीणों से रूबरू होने के दौरान सांसद उनकी समस्याओं से अवगत हुए और निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान योगेश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में देशहित के लिए कार्य कर रही है।

विगत 10 वर्षों में जो ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उससे भारत को विश्व में एक नई पहचान मिली है। धार्मिक व सांस्कृतिक सभ्यताओं का संरक्षण, अंतरिक्ष में नए आयाम, रक्षा एवं सुरक्षाबलों के लिए अत्याधुनिक उपकरण, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, किसानों का सम्मान और भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार मोदी सरकार की कुशल नीतियों ने देश की दशा और दिशा दोनों को बदलने का काम किया है।



# सड़क-पानी की समस्या से त्रस्त मुंदेरा के ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- गुंडरदेही एसडीएम को सौंपा आवेदन

कई सालों से खराब सड़क की स्थिति नहीं सुधारने और एक साल से पानी की टंकी नहीं बन पाने से नाराज ग्राम मुंदेरा के लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गुण्डरदेही जिला बालोद को सौंपे आवेदन में कहा गया है कि कई बार जनदर्शन में आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अब चुनाव बहिष्कार का ही रास्ता बच गया है। ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम व ग्राम पंचायत मुन्देरा तहसील गुण्डरदेही में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खलारी मोड़ से मुन्देरा तक सड़क की लंबाई लगभग 1.25 किलोमीटर तथा तवेरा मोड़ से मुंदेरा तक सड़क की लंबाई लगभग 2.50 किलोमीटर है, यह दोनों सड़कें बहुत ही जर्जर हो चुकी हैं, जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है, आये दिन इस रोड़ पर दुर्घटनायें होती रहती हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत मुन्देरा द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन किया गया था, पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। इसके अलावा शासन–प्रशासन के द्वारा एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम मुंदेरा का पानी टंकी जो कि पिछले एक साल से निर्माणाधीन है और जो वर्तमान में पानी टंकी का कार्य बंद पड़ा हुआ है, चूंकि ग्राम में पेयजल की विकट समस्य रहती है और अभी तक टंकी निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है। इस संबंध में भी ग्रामीणो द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की गई थी, पर अभी तक न ही ठेकेदार आया और न ही संबंधित कोई भी कर्मचारी, अधिकारी देखने आये जो कि बहुत ही खेद का विषय है।

# सृष्टि के रंगमंच पर हम श्रेष्ठ कर्म के लिए आए : शशि दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- उपजेल में निरुद्ध बंदियों के लिए सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन की शुरुआत

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान द्वारा जिला जेल में बंदियों के लिए सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बी. के. शशि बहन ने प्रथम दिवस सभी को स्वयं की पहचान, आत्मा का ज्ञान, मन में विचारों के 4 प्रकार, बुद्धि के कार्य, संस्कारों का प्रभाव तथा राजयोग अभ्यास से फायदे की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आप सभी श्रेष्ठ आत्माएं हो,



जिनको श्रेष्ठ कर्म करने के लिए परमात्मा ने इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर भेजा है। व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है।

सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए संस्कारों को श्रेष्ठ बनाने की विधियां बताई गई। जिसको अपना कर हम अपने जीवन में सहज ही संस्कार परिवर्तन कर सकते हैं। क्योंकि संस्कार परिवर्तन से ही संसार परिवर्तन होगा। कहा भी जाता है संकल्प से सृष्टि रची जाती है, जैसा सोच वैसा जीवन तो हम पॉजिटिव सोचकर अर्थात मन पर अटेंशन देकर अपने श्रेष्ठ संस्कार बना सकते हैं। क्योंकि जो कुछ भी मेरे साथ अच्छा या बुरा हो रहा है। इसका दोषी कोई और नहीं वह मैं स्वयं हूं तो स्वयं को खुश एवं संतुष्ट रख श्रेष्ठ कर्म करने की जिम्मेवारी हम स्वयं लें कहा भी जाता है। स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन आज यदि हर व्यक्ति अपने मन को सही दिशा प्रदान करें तो उसके बोल और कर्म निश्चित ही श्रेष्ठ होंगे इसलिए कहा जाता है जैसा बीज वैसा फल। इस अवसर पर लगभग 100 बंदियों सहित जिला जेल स्टाफ सम्मिलित हुए, सभी ने मेडिटेशन कर बहुत-बहुत आत्मिक शांति एवं खुशी का अनुभव किया और आगे यह राजयोग शिविर प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 10:00 बजे तक चलेगा, जिसका लाभ सभी कैदी भाई ले सकेंगे एवं अपने जीवन को एक श्रेष्ठ दिशा की ओर मोड़ सकेंगे।

### फरार लूट व हत्या का मास्टर माइंड जम्मू में पकड़ाया

**भिलाई।** हत्या और लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने जम्मू से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिस्टल दिखाकर साथियों के साथ अस्पताल से फरार था।आरोपी केन्द्रीय जेल दुर्ग से उपचार के बहाने अस्पताल में भर्ती हुआ था। मिली जानकारी के मुताबिक बिहार वैशाली निवासी कुख्यात बदमाश अनुपम झा पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया है। बिहार पुलिस ने जम्मू स्थित मां वैष्णो देवी के मंदिर से उसे पकड़ा है। अनुपम झा को पकड़ने के बाद पुलिस उसे लेकर जा रही थी तभी शौच के बहाने से वाहन को रोकवाया। उसके बाद पुलिस की पिस्टल छीनकर भागने का प्रयास कर रहा था। तभी बिहार पुलिस ने करीब 8 राउंड फायरिंग भी किया। घटना में अनुपम के दोनों पैरों में गोली लगने से घायल हो गया।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


## धूमधाम से मनाई गई भगवान राम की जयंती

# रामनवमी शोभायात्रा रायपुर में जिले के शिवसैनिक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शिवसेना ने 20 अप्रैल को रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा राजधानी रायपुर में निकाली थी। शोभायात्रा में जिले के सैकड़ों की संख्या में शिव सैनिक जिला प्रमुख दाऊराम चौहान के नेतृत्व में शामिल हुए ।

जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान बताया कि राजधानी रायपुर में रामनवमी शोभायात्रा में सम्मिलित होकर भगवान राम की पूजा अर्चना की। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में रामनवमी शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकली। जिले से सम्मिलित होने वालों में जिला महासचिव शीतल दास मानिकपुरी, नवागढ़ विधानसभा प्रभारी श्यामलाल सेन, रोहित यादव,निर्मला सिंह राजपूत, गायत्री जोशी, अंजनी जोशी, शांति यादव, लोकेश्वरी मानिकपुरी, चंद जोशी, मुन्नी यादव,, द्रोपती यादव, चंद जोशी, फूटेनिया यादव, शांति पटेल, नेमिन जोशी, निर्मला जोशी, शंकर वर्मा, उमेंद्र राम ध्रुव, गणेशाराम, लाल साहू सहित अन्य शिव सैनिक शामिल रहे।






# एक सीट में यात्री छह और चार्जिंग प्वाइंट दो, कोच में मोबाइल चार्ज करना अब बन रहा झगड़े की जड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों के स्लीपर कोच में मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट को लेकर झगड़े तक की स्थिति बनने लगी है। रायपुर रेल मंडल में इन दिनों चार्जिंग प्वाइंट को लेकर शिकायतों में वृद्धि भी हुई है।

■ बायो-टॉयलेट जाम होने से रोजाना लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को हो रही दिक्कत

खासकर स्लीपर कोच में छह सीट पर दो चार्जिंग प्वाइंट होने से लगातार विवाद की स्थिति बन रही है। ऐसे में अगर चार्जिंग प्वाइंट खराब हो, तो विवाद और बढ़ जाता है। इसके अलावा रेलवे को सबसे अधिक मिलने वाली शिकायतों में बाथरूम के गंदा होने, पानी न होने और पानी बहने को लेकर होती है। यात्रियों से मिली शिकायत के अनुसार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में चार्जिंग पाइंट ठीक न होने के कारण पास ही में बने चार्जिंग पाइंट पर मोबाइल चार्ज करने को लेकर यात्रियों के बीच विवाद हो गया। विवाद ट्रेन में अटेंडेंट के आने के बाद ही शांत हो पाया। रेलवे की वेबसाइट पर शिकायत करने के बाद कुछ समय बाद उसकी मरम्मत कर दी गई। इस तरह की शिकायतें स्लीपर कोच के साथ एसी-3 और एसी-2 कोच से भी आ रही हैं।

## शिकायतों के बाद भी रेलवे ट्रेनों में नहीं बढ़ रहा चार्जिंग प्वाइंट

### जाम होने लगे बायो-टॉयलेट

पानी की बचत और यात्री सुविधा के लिए रेलवे ने दो महीने पहले ही 40 से अधिक ट्रेनों में बायो-टॉयलेट स्थापित किया है, लेकिन असामाजिक तत्वों की लापरवाही के कारण अब बायो- टॉयलेट जाम होने लगे हैं, जिसका मेंटेनेंस भी रेलवे नियमित रूप से नहीं कर रहा है। समता, गरीब रथ, सारनाथ और साउथ बिहार एक्सप्रेस में टॉयलेट में पानी जाम की समस्या देखने को मिली है। बायो-टॉयलेट फ्लश करने से गंदगी बाहर निकल रही है।



### एसी इकोनॉमी क्लास से शिकायत

इस तरह की शिकायत हाल ही में हमसफर एक्सप्रेस में बी 6 में सफर करने वाले यात्री ने चार्जिंग प्वाइंट काम न करने व बाथरूम गंदा होने की शिकायत की थी। माना जा रहा है कि दिनभर में आठ से दस यात्री मोबाइल चार्जिंग को लेकर शिकायत कर रहे हैं। इसके अलावा बाथरूम में पानी न होने की भी शिकायतें होती रही हैं।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने किया अखंड रामायण पाठ



**रायपुर।** रामनवमी के अवसर पर अग्रणी महिला मंडल डीडीनगर द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल की महिलाओं ने मिलकर श्रीरामचरित मानस का पाठ किया। साथ ही महिलाओं को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसी दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारती किरण शर्मा, दीप्ति दुबे, सरोज पांडे और सुनीता शर्मा रहीं। मानस पाठ करने वालों में संस्था की अध्यक्ष सुमन मिश्रा, संरक्षक अनुराधा दुबे, संगीता दुबे, स्मिता बाजपेई, सुमन बाजपेई, रानू पांडे, शिल्पा, स्वाति, गोपा, श्रद्धा, राधा, आरती, सुमन, बबली, रचना, मंजू, ममता, सविता, गरिमा, सपना, दीपाली, आराधना, सुभाषिनी, गौरी, रीता, अंजू, रानी, स्नेहा, बिंदु, लालिमा, अर्चना आदि शामिल रहीं।

### बढ़ते कदम संस्था ने बांटा पक्षियों का दाना सकोरा और कोटना भी




**रायपुर।** बढ़ते कदम संस्था द्वारा रायपुर शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टॉल लगाकर दाना सकोरा व कोटने का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। संस्था के प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी और अजय वलेचा ने बताया कि बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा करने का भाव रखते हैं तो संस्था कार्यालय देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के अंदर किसी भी समय आकर दाना, सकोरा एवं कोटना निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विगत 17 वर्षों से संस्था द्वारा लगभग 90 हजार सकोरे एवं दाने के पैकेट और 11 हजार कोटना का वितरण अब तक किया जा चुका है। संस्था जनमानस से अपील करती है कि अपने घर की छत, मुंडेर, आंगन में एवं ऑफिस, दुकान में प्रतिदिन पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य कर खुद भी सेवा करें, औरों को भी प्रेरित करें।

### सुरेंद्र बने जन विकास समिति के अध्यक्ष



**रायपुर।** राधास्वामी नगर जन विकास समिति के पदाधिकारियों का गठन कॉलोनी के गार्डन में विगत दिनों किया गया, जिसमें अध्यक्ष सुरेंद्र त्रिपाठी को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव जीएस मंडावी, सहसचिव नीरज तिवारी, विनोद जेठानी, उपाध्यक्ष टोमन साहू, विक्रम सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, सहकोषाध्यक्ष राजेश देवानी को बनाया गया। रामनवमी के दिन कार्यकारिणी गठित की गई।

## जिस एजेंसी को 2020 में दी जिम्मेदारी, उसने अटकाया काम इसलिए ऐसा हाल

# 18 महीने के बजाय 5 साल में भी नहीं मिला मकान का पजेशन, नई एजेंसी को काम देने से बढ़ा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किराए के मकानों में रहने वाले शहरी गरीबों को खुद का आशियाना खरीदने का सपना 2018-19 में आरडीए ने दिखाया। स्वतंत्र मकान मिलने की आस लगाए लोगों ने भी प्रोजेक्ट को हाथों-हाथ लिया। सभी ने आवेदन प्रोसेस के बाद बैंक फाइनेंस करवाते हुए आरडीए को मकान की तय राशि दी। अब लोग मकान मिलने का इंतजार करने मजबूर हैं। अभी जिस एजेंसी काम को काम दिया गया है, उसे दिसंबर 2024 तक काम पूरा करने समय दिया है। इससे लोगों को 2025 में ही मकान का पजेशन मिलने वाला है।

राजधानी के आउटर इलाके के बोरियाखुर्द में शहरी गरीबों को स्वतंत्र मकान देने के लिए 2018 में आरडीए ने प्लानिंग की। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरडीए ने 2019 में एजेंसी तय करने करते हुए उसे 18 महीने में प्रोजेक्ट को पूरा करने का समय दिया। काम पूरा करना तो दूर, एजेंसी तय समय में नींव भी नहीं डाल पाई। लिहाजा रायपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदारों ने कंपनी का टेंडर रद्द करते हुए नई एजेंसी को काम पूरा करने के लिए अगस्त 2023 में काम देते हुए 18 महीने में निर्माण को पूरा करने जिम्मेदारी दी। इसके पहले जिन लोगों ने मकान की बुकिंग करवाई। बैंक फाइनेंस के बाद 7 से 9 हजार रुपए महीना बैंक लोन भी दे रहे हैं।



### आरडीए के प्रोजेक्ट पर भरोसा

मकान बुक कराने वाले लोगों ने बताया कि 2019 में जिस लिहाज से प्रोजेक्ट में अफसरों ने रुचि ली, उसे देखते हुए 35 करोड़ के प्रोजेक्ट को समय पर पूरा होने की उम्मीद थी। मकान बुक कराने वाले लोगों ने बताया कि पहले जिस एजेंसी को काम दिया गया, उसने कोविड से पहले सिर्फ नींव डालने की प्रक्रिया की। बारिश का पानी भरने से एजेंसी कर्मियों ने काम करने से भी इनकार कर दिया। इससे आरडीए के प्रोजेक्ट पर भरोसा करने वाले परिवार करीब 5 साल से स्वतंत्र मकान मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

### दिसंबर में पूरा करेंगे प्रोजेक्ट

नई एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी देते हुए, प्रोजेक्ट को दिसंबर 2024 पूरा करने समय दिया गया है। जिस एजेंसी को पहले काम दिया, उसने निर्माण करने से इनकार किया। अब नई एजेंसी को काम दिया है, नए साल से पजेशन देने का प्रयास किया जा रहा है।

- **अनिल गुप्ता,** प्रभारी अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

### किराए के मकान से मुक्ति नहीं

मकान बुक कराने वाली जरीना बेगम, असफाक दानी ने बताया कि बैंक लोन लेकर मकान खरीदने का सपना भारी पड़ने लगा है। हर महीने लोन की किस्त और मकान का किराया 12 से 14 हजार होता है। हितग्राही जमालुद्दीन ने बताया कि किराए के मकान से राहत के लिए मकान बुक किया। पहले काम करने वाली एजेंसी ने प्रोजेक्ट को अटकाया, अब नई निर्माण एजेंसी को काम करने के लिए 18 महीने यानी दिसंबर 2024 तक का समय दिया है। इसके कारण अभी तक किराए के मकान से मुक्ति भी नहीं मिल पाई है।

### अब नए साल में पजेशन देने...

स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान की बुकिंग के साथ ही आरडीए ने वन-बीएचके का 7 लाख 20 हजार और टू-बीएचके का 8 लाख 60 हजार रुपए बैंक फाइनेंस करवाया है। 523 परिवार के लोग पैसा देने के बाद भी मकान के लिए कई साल से चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारी सही जानकारी देने के बजाय, अभी एजेंसी तय की है, जल्दी मकान बनाने के लिए कहा गया है, हर बार यह बहाना करके लौटा रहे हैं। अब दिसंबर 2024 तक प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद नए साल में मकान का पजेशन देने का भरोसा दिला रहे हैं।

# पायलट ने कहा- दूसरे और तीसरे चरण में भाजपा साउथ से साफ, नॉर्थ में हाफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कांग्रेस के पक्ष में पड़े वोट, ये चुनाव बदलाव का है। उन्होंने दूसरे और तीसरे चरण की रणनीति पर कहा, भाजपा बैक फूट पर है। भाजपा साउथ से साफ और नॉर्थ से हाफ है। राहुल गांधी ने भाजपा के परिणामों का जो संख्या बल दिया है, वो सच होता दिखा रहा है।

एयरपोर्ट पर पहले चरण के मतदान पर संवाददाताओं से बातचीत में सचिन पायलट ने कहा, पहले चरण का मतदान कम हुआ है। हमें सकारात्मक रिपोर्ट आई है और हमें सफलता मिलेगी। रिपोर्ट बता रही कि ये चुनाव बदलाव का चुनाव है। हमारी दावेदारी दो और चरणों पर मजबूत होगी। तमाम चुनौतियों के बाद कांग्रेस के पक्ष में वोट पड़े हैं।

### कांग्रेस के मुद्दे जनता के सामने

भाजपा के राष्ट्रवाद वाले पोस्टर और कांग्रेस के मुद्दों पर सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस के मुद्दे जनता के सामने हैं। भाजपा को 10 साल के कामों के रिपोर्ट कार्ड का जवाब देना चाहिए। भाजपा 10 साल के वादे का जवाब दें। उन्होंने कहा, आक्रमण और प्रतिशोध की भावना की राजनीति को लोग पसंद नहीं करते।

### प्रियंका के कार्यक्रम का जायता लेने पहुंचे मोहड़

प्रदेश प्रभारी पायलट एयरपोर्ट से सीधे डोंगरगांव के विकासखंड ग्राम मोहड़ के लिए रवाना हुए। वे शाम को डोंगरगांव पहुंचकर प्रियंका गांधी की चुनावी सभा स्थल का निरीक्षण करेंगे। वहां से शाम को ही ग्राम हथौद, गुरुर जिला बालोद रवाना होंगे। ग्राम हथौद पहुंचकर प्रियंका गांधी की चुनावी सभा स्थल का निरीक्षण करेंगे। कल के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया।

# कांग्रेस के राज्यसभा सांसदों को लेकर भाजपा का पोस्टर वार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, छत्तीसगढ़यावाद का ढोल पीटने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के कोटे से दीगर प्रदेशों के नेताओं को राज्यसभा में भेजकर जो छल छत्तीसगढ़ के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ किया था, उस करनी का फल आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भोग रही है। शनिवार को भाजपा ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कोटे से चुने हुए राज्यसभा सदस्यों को खोजने के लिए पोस्टर जारी किया और सवाल किया, आखिर प्रथम चरण का चुनाव हो गया, लेकिन अभी तक ये सांसद दिखाई क्यों नहीं दिए? श्री श्रीवास्तव ने कहा, तीनों कांग्रेस नेता केटीएस तुलसी, राजीव शुक्ला और रंजीता रंजन छत्तीसगढ़ के कोटे से नहीं, भूपेश बघेल के आका के कोटे से छत्तीसगढ़वासियों का हक छीनकर राज्यसभा सदस्य बने हैं और अब इन्हें छत्तीसगढ़ से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, भूपेश बघेल, जिन्होंने अपने आकाओं को खुश करने के लिए इनको राज्यसभा सदस्य बनवाया, वे छत्तीसगढ़वासियों को स्पष्ट करें कि उनकी सांसद निधि का पैसा छत्तीसगढ़ में कहां-कहां खर्च हुआ है? या फिर, क्या यह पैसा भी उनके आकाओं की सेवा में लग गया है? श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद लगातार छत्तीसगढ़वासियों का अपमान कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कटाक्ष करते हुए कहा, आज छत्तीसगढ़ में अनिच्छुक, उपेक्षित, थके लोकसभा प्रत्याशियों को कांग्रेस ने भी उनके हाल पर छोड़ दिया है।

■ भाजपा का सवाल, लोकसभा चुनाव के समय में भी छत्तीसगढ़ में नहीं दिख रहे हैं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद

# 42-43 डिग्री की गर्मी, स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में अधिकतम तापमान 42-43 डिग्री के पार होने से गर्मी बढ़ने लगी है। स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव होने की आशंका के आधार पर ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। प्राअवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कलेक्टर को इस मामले में सिफारिशी पत्र भेजा है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कई स्कूलों का संचालन अप्रैल की शुरुआत के साथ हो चुका है। हालांकि शिक्षा विभाग द्वारा गर्मी को देखते हुए सुबह की पाली में कक्षाएं लगाई जा रही हैं। पिछले तीन-चार दिनों से गर्मी अपना असर दिखा रही है और पारा 42-43 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह के दस बजे के बाद ही गर्मी का प्रकोप महसूस होने लगता है। कई स्कूलों में छुट्टियां दोपहर के वक्त हो रही है, जिससे बच्चे खुद को असहज महसूस करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ निजी स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं सचिव मोती जैन ने बताया कि बढ़ती गर्मी में स्कूल जाने से छोटे बच्चों की तबीयत पर भी विपरीत असर पड़ सकता है।

■ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कलेक्टर को भेजा पत्र

# थानसिंह की आंखों से दो दृष्टिहीनों के जीवन में आएगा उजियारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नेत्र चिकित्सा विभाग की सक्रियता एवं जागरूकता अभियान के अच्छे परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। आम मानस में नेत्रदान के प्रति जागरूकता से नेत्र रोग के मरीजों को लाभ होने लगा है। जिला प्रशासन के प्रयासों से गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम फुण्डा में थानसिंह साहू के परिजनों ने उनकी मृत्यु के बाद नेत्रदान किया। इससे दो नेत्र रोगियों को रोशनी मिल सकेगी। वहीं, उनके देह को मेडिकल कालेज में दान किया गया।

जिलाधीश इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम सूर्यवंशी के निर्देशानुसार एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ग्राम फुण्डा विकासखण्ड गुण्डरदेही निवासी थानसिंह साहू पिता समलिया राम साहू 71 वर्ष की इच्छा को सार्थक करते हुए उनके परिवार की सहमति से मरणोपरांत नेत्र दान की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

19 अप्रैल को थानसिंह साहू के मृत्यु के उपरांत परिजनों द्वारा सूचना दी गई, सूचना मिलते ही नेत्र विभाग की टीम नेत्र सर्जन डॉक्टर एके मिश्रा, मेडिकल ऑफिसर डॉ पुष्पेन्द्र अग्रवाल एवं सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व अनिल कुमार सिन्हा, नेत्र सहायक अधिकारी एमडी हिरवानी, डिगेश देवदास, रोशन प्रजापति, बीएस बारले, एएनम मंजू धनकर, सीएचओ के नेतृत्व में किया गया। उनके नेत्रदान करने से 2 दृष्टिहीन कार्निया बाधित को आंख की ज्योति मिल जाएगी। 19 अप्रैल की रात 7 बजे थान सिंह साहू की मृत्यु की सूचना कबीर आश्रम करहीभदर के साहेब द्वारा सूचना मिलने पर नेत्र विभाग बालोद की टीम एवं एम्स मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा ग्राम फूंडा जाकर नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद दोनों नेत्र को एम्स मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजा गया।

# जिले में सालभर में मोतियाबिंद के 3782 ऑपरेशन हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई जिला बालोद द्वारा मुख्यतः अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम मे मोतियाबिंद ऑपरेशन, शालेय नेत्र परीक्षण एवं स्कूल नेत्र परीक्षण कर दृष्टिदोष छात्र छात्राओं को चश्मा वितरण तथा जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत नेत्रदान पखवाड़ा, विश्व दृष्टि दिवस, विश्व ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। बालोद विकासखण्ड में संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। जिला में सत्र 2023–24 में कुल 3782 मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया, दोनों आंखों से पूर्ण अंधे 67 मरीज का ऑपरेशन किया गया, एक आंख से मोतियाबिंद ऑपरेशन 3715 मरीजों का किया गया। स्कूली 1125 दृष्टिदोष छात्र छात्राओं को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। नेत्रदान महादान कार्यक्रम के अंतर्गत 07 नेत्र एकत्र कर चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर पहुंचाया गया। जिनका कार्निया ब्लाइंड मरीजों का केरेटोप्लास्टी के लिए उपयोग में लाया गया। अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम में सभी कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत उपलब्धि जिला बालोद ने प्राप्त की। कार्यक्रम कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ एम सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी डॉ एके मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में संभव हो पाया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी समस्त नेत्र सहायक अधिकारी एवं समस्त स्वास्थ कर्मचारी व मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का विशेष योगदान था।

स्वास्थ्य अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, नाले जाम, गलियों में गंदगी की भरमार

# 3 वार्डों में निर्धारित संख्या से कम मिले सफाई कर्मचारी, ठेकेदारों पर 55 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठेके पर चल रही शहर के वार्डों की सफाई व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही। शनिवार को 3 वार्डों का औचक निरीक्षक करने पहुंचे निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने स्थल निरीक्षण में पाया जहां 40 सफाई कर्मचारी होने चाहिए, वहां केवल 15 कर्मचारी काम पर आए हैं, 25 कर्मचारी नदारद। इसी तरह वार्ड 60 में 35 सफाई कर्मचारी में 20 कर्मचारी अनुपस्थित रहे, वार्ड 43 में 40 कर्मचारी में से आधे काम पर आए, आधे अनुपस्थित रहे। काम में कोताही पर ठेकेदारों को इसके लिये फटकार लगाते हुए 55 हजार रुपये जुर्माना किया गया। शहर की सफाई



व्यवस्था की निगरानी के मामले में निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। जोन स्तर पर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके काम की निगरानी में लगातार खामियां मिल रही हैं, जिसका खामियाजा संबंधित वार्डो की सफाई व्यवस्था पर देखने को मिल रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शनिवार की सुबह स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने शहर के सफाई व्यवस्था की धरातल पर जानकारी जुटाने 3 वार्डों में भ्रमण पर निकली। इस दौरान मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के संतोषी नगर क्षेत्र में नाले जाम पाए गए। वहां की गलियों में गंदगी पसरी हुई थी।

सफाई कर्मचारियों की स्पॉट पर गिनती कराने पर 40 में से मात्र 15 कर्मचारी मौजूद मिले, 25 कर्मचारी नदारद रहे। स्वास्थ्य अधिकारी ने मौके पर सफाई ठेकेदार को बुलाकर जमकर फटकार लगाई और 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

जोन 6 के शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में 35 में से केवल 15 सफाई कर्मचारी डयूटी पर पर मौजूद रहे, 20 कर्मचारी अनुपस्थित रहे।

### मानिटरिंग कमजोर, पेनाल्टी बेअसर

जोन स्तर पर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी और सफाई बिल बनाने के सिस्टम को लेकर निगम प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक सफाई व्यवस्था में गुणवत्ता को लेकर बरती जा रही लापरवाही पर नकेल कसने चुनाव के बाद निगम प्रशासन नया सिस्टम लाने की तैयारी में है। इसके मुताबिक 3 बार पेनाल्टी के बाद यदि कोई सफाई ठेकेदार फिर से गलती दोहराता है, तो उसका संबंधित वार्ड का सफाई ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। यह व्यवस्था नगर निगम के 10 जोनों के 70 वार्डों में बनाई जाएगी। निगम मुख्यालय में इसका मसौदा तैयार हो रहा है। यही नहीं, निष्ठा एप में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच अब सीधे निगम मुख्यालय से करने की तैयारी है। यानी स्वास्थ्य अधिकारी और निगम आयुक्त की इस पर नजर रहेगी।

# सिंडीकेट बनाकर 165 के अरहर दाल को दो सौ में बेच रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इन दिनों महंगाई के मार की ऐसी हवा उडी हैं कि, व्यापारी इसका फायदा उठाकर जमकर मुनाफाखोरी करने में लग गए है। थोक के भाव में 165 रूपए में बिकने वाला अरहर दाल चिन्हर में दो सौ रूपए तक बिक रहा है। थोक के दाल का चिल्हर व्यापारी स्टाक कर आम लोगों से प्रति किलो तीस से चालीस रूपए मुनाफा कमा रहे है।

इंदिरा मार्केट के कुछ दुकानों में हरिभूमि ने पडताल किया, जिसमें पाया गया कि, थोक व्यापारी अच्छी क्वालिटी के अरहर दाल को 165 रूपए तक बेच रहे है। लेकिन चिन्हर में इसी दाल को किराना दुकान में दौ सौ रूपए किलो तक बेचे जा रहे है। हांलाकि व्यापारियों ने बताया कि, सप्ताहभर पहले अरहर दाल के दाम में तेजी आई है। लेकिन यह तेजी 140-165 तक सीमित है। लेकिन चिल्हर बाजार में ऐसा लगता हैं जैसे सिंडिकेट बनाकर एक दर पर मनोपल्ली तरीके से बेचा जा रहा है। इस तरह चिल्हर में मनमर्जी चल रही है। नई फसल आने के बाद कीमत में राहत की संभावना थी, लेकिन जमाखोरी के चलते कीमत फिर आसमान पर चली गई है। देसी चना भी नई फसल आने के बाद भी भाव खा रहा है। यह थोक में 65 रुपए और चिल्हर में 75 से 80 रुपए तक बिक रहा है।

**दाल से लेकर चावल और तेल भी महंगा :** बात सिर्फ दाल की नही है। इसके आलावा चावल के दाम में भी तेजी आई है। चावल तो दूर खंडा चावल पचास रूपए से कम में उपलब्ध नही है। व्यापारियों की माने तो धान के समर्थन मूल्य बढने के चलते चावल में पांच रूपए तक बढोत्तरी दर्ज की गई है। चावल के आलावा तेल के टीन भी महंगी हो गई है। थोक में तेल की टीन 1650 रूपए में बिक रहे है। इसके आलावा गेहूं का दाम पिछले दो साल में पांच रूपए किलो तक बढ गया है।

## खबर संक्षेप

### ऑब्जर्वरों ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 7 दुर्ग हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एस.बी. शेट्टेनवर (आईएएस) एवं लथकर श्रीकेश बालाजीराव (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस) एवं व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पट्टनाशेट्टी (आईआरएस) ने संयुक्त रूप से शुक्रवारको कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी एआरओ एवं विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला भी सम्मिलित हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने निर्वाचन ऑब्जर्वरों को जिले की मूलभूत जानकारियों से अवगत कराते हुए निर्वाचन तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 320 है। क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 4, महिला प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 60 है। दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 06, युवा कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 30 एवं आदर्श मतदान केंद्रों की संख्या 30 है। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 14,21,188 है। जिसमें 7,05,874 पुरूष मतदाता, 7,15,261 महिला मतदाता एवं 53 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। 80$ मतदाताओं की संख्या 4887, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8929, सेवा मतदाताओं की संख्या 1970 है। जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए समुचित प्रबंध किये जाएंगे। कलेक्टर ने निर्वाचन कार्यों के लिए गठित की गई विभिन्न ईकाइयों तथा प्रशिक्षण आदि के संबंध में भी अवगत कराया।

# स्क्रूटनी में दो अभ्यर्थी बाहर, 25 चुनावी मैदान पर डटे, आज नाम वापसी

**प्राप्त नामांकनों की कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने की संवीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा के चुनावी मैदान से दो अभ्यर्थी बाहर हो गए है। जिस पार्टी से उन्होने फार्म भरा था, उसमें वे अधिकृत नही होने के चलते जिला निर्वाचन आयोग द्वारा उनका फार्म निरस्त कर दिया है। जिसके बाद मैदान पर 25 अभ्यर्थी डटे हुए है। आज रविवार अवकाश का दिन होने के चलते नाम वापसी के लिए सोमवार अंतिम मौका रहेगा। जिसके बाद चुनावी मैदान में प्रचार प्रसार के जरिए पटकनी देने का दौर शुरू हो जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 7 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की संवीक्षा की। नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस तक संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 29 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे एवं 27 अभ्यार्थियों ने नामांकन जमा किए। जिनमें श्याम सुन्दर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, विजय बघेल भारतीय जनता पार्टी, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, डा. हरिशचन्द्र साहू निर्दलीय, सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश), बलदेव साहू निर्दलीय, अशोक जैन निर्दलीय, यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र



पार्टी, भानुप्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय, अरूण जोशी निदर्लीय, राकेश साहू न्यायधर्मसभा, खिलानंद जसपाल निर्दलीय, अली हुसैन सिद्दीकी निर्दलीय, दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी, डॉ. अंजु केमे एकम सनातन भारत दल, अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय, पुष्पा मैरिसा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी, सन्तोष कुमार मारकन्डे निर्दलीय, ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय, भागबली सिवारे निर्दलीय, हरिचंद ठाकुर निर्दलीय सहित कुल 25 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए। मनोज कुमार ध्रुव छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी एवं प्रदीप टाइटस इंडिया प्रजा बंधु पार्टी की पार्टियों को मान्यता प्राप्त न होने के चलते नामांकन अस्वीकृत किया गया।

### दूसरे क्षेत्र के निवासी आजमा रहे भाग्य

जानकारी अनुसार नामांकन फार्म लेने के दौरान दिए गए जानकारी अनुसार कई अभ्यर्थी रायपुर, बालोद, कवर्धा संसदीय क्षेत्र के निवासी होने के बाद भी दुर्ग संसदीय क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा रहे है। मैदान में डटे 25 अभ्यर्थी में सोलह अभ्यर्थी निर्दलीय तौर पर चुनाव लड रहे है। नाम वापसी के बाद आयोग द्वारा इन्हें चुनाव चिन्ह का आबंटन भी कर दिया जाएगा। जिसके बाद आगामी दिनों जोरो पर प्रचार प्रसार शुरू हो जाएगा।

### नहीं दिख रहा मैदान पर चुनावी घमासान

जानकारों की माने तो ऐसा पहली बार है कि, चुनाव का मैदान स्तर पर कोई खास माहौल नजर नही आ रहा है। भले ही प्रत्याशी चुनावी प्रचार प्रसार में डटे हुए है। लेकिन मैदान स्तर पर कार्यकर्ता नजर नही आ रहे है। दुर्ग संसदीय सीट में भाजपा और कांग्रेस दोनो ही प्रत्याशी शहर से लेकर गांव तक प्रचार कर रहे है। लेकिन उनके समर्थक चौपाल व सार्वजनिक स्थानों से गायब है। इस चुनाव में जहां एक पार्टी अति उत्साहित और दूसरी हतोत्साहित नजर आ रही है।

**अपराध : पुलिस की महादेव सट्टे से जुड़े कारोबारियों पर शिकंजा**

# महादेव सट्टा, सात कारोबारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टा को लेकर दुर्ग पुलिस लगातार कार्रवाई कर सटोरियों पर शिकंजा कसती जा रही है। पुलिस सात सटोरियों के खिलाफ धारा 3, 7 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत जुर्म दर्ज किया है। शुक्रवार की शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस सुपेला क्षेत्र के एक निजी होटल में दबिश देकर महादेव सट्टा चलाने वाले सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के पास से पुलिस ने 18 नग मोबाईल, 3 नग लैपटाप, 1 टेबलेट , 2 नग कीमती जब्त किया है। उक्त सामानों की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि होटल में दबिश देकर चंद्रखुरी बस स्टैण्ड के पास पुलगांव दुर्ग निवासी नीरज निर्मलकर, कचांदूर ढौर रोड जेवरा सिरसा दुर्गेश माण्डे, माना बस्ती जिनियर पब्लिक स्कूल के पास रायपुर टीकम पाल, ग्राम सिरसहा स्कूल के पास गुण्डरदेही जिला बालोद रिषभ पटेल, न्यू कृष्णा नगर सुपेला राहुल चन्द्राकर, उदय सिंह राजपूत, ग्राम कोलिहापुरी पुलगांव दुर्ग चेतन निषाद को गिरफ्तार किया गया है। सटोरियों पर कार्रवाई करने एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर टीम बनाई गई थी। जिसमें एएसपी के नेतृत्व में डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश



नायक, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, सुपेला टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम शामिल थी।

### बंसोड बंधुओं की कमाई जमीन में

महादेव सट्टे को लेकर बंसोड बंधुओं का भारी जलवा है। महादेव सट्टे से अवैध रुप से कमाई किए रकम को जमीन में लगाकर स्वयं को पाक साफ होने का झांसा देते है। मिली जानकारी के मुताबिक चीकू और साई बंसोड ये दोनों में ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप का अवैध कारोबार जमकर कर रहें है। इन बंसोड बंधुओं का नाम एमपी से लेकर दुबई तक लिया जाता है। दोनों ने मिलकर करोड़ो की कमाई महज एक-दो वर्षो में बना ली है। बंसोड बंधुओं के यहां बड़ा फंक्शन होने वाला जिसकी तैयारी में जुटा हुआ है। चीकू और साई का पुराने रिकार्ड खंगाला जाए तो इनके पास कोई खास संपत्ति नहीं हुआ करती थी। बंसोड बंधुओं की सेटिंग दुबई तक है।

### पुराने पैनालिस्ट फिर सक्रिय

महादेव सट्टे में शामिल पुराने पैनालिस्ट फिर से शहर में सक्रिय हो चुके है। अपना ऑनलाइन सट्टा का कारोबार बेखौफ तरीके से चला रहें है। इसके अलावा अब पैनालिस्ट चलाने वाले सटोरिया बकायदा पुलिस के डर से जिस मकान में कारोबार कर रहें है। मकान में युवकों को देख रेख के लिए रखा जा रहा है। जिससे पुलिस के आने की जानकारी सटोरियों को मिल सके। पुराने पैनालिस्टों का महादेव सट्टा बिहार, नेपाल, एमपी, जमशेदपुर, छत्तीसगढ़ समेत दिल्ली में चल रहा है। भिलाई में ये सटोरिया आसानी से देखे जा सकते है। पुराने पैनालिस्ट शहर के युवकों को प्रतिमाह 20-30 हजार रुपए में लेकर अपने साथ लेकर जाते है। उन्हें अड्डे तक खुद छोड़ते है और स्वयं भिलाई-दुर्ग में धूमते है। जिससे पुलिस को संदेह ना है।

### बड़ा सिडिकेंट से चला रहा है कारोबार

जानकारी के मुताबिक विकास सिंग, राहुल सिंघानिया, रिक्कू पारख, संतोष, कपिल, नंदू चेलानी, दानिश, हरीश कई युवक भिलाई में रहकर अपना ऑनलाइन महादेव सट्टा का कारोबार बेखौफ तरीके से चला रहें है। इन पर पुलिस का शिकंजा नहीं होने से बिंदास भिलाई में आकर घूम फिर के जाया करते है। इसमें सबसे बड़ा महादेव सट्टे का अवैध कारोबारी राहुल सिंघानिया है। शहर के कई व्यापारियों से सेटिंग कर ऑनलाइन महादेव सट्ट का काम राहुल के द्वारा छत्तीसगढ़ समेत एमपी दिल्ली, बिहार में फैलाया जा रहा है। राहुल का बड़ा सिडिकेंट भिलाई में काम कर रहा है।इन सटोरियों के पास बेनामी संपत्ति से लेकर मंहगे कार भी है। जो अपने यारी दोस्ती के नाम वाहनों का रजिस्ट्रेशन करा कर रखा हुआ है।

**हाईकोर्ट के फैसले के बाद खुली राह**

# सहायक शिक्षकों को शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल के पद पर मिलेगी पदोन्नति



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सहायक शिक्षक (पंचायत) को शिक्षक (पंचायत) ग्रंथपाल के पद पर पदोनति से अपात्र करने के मामले में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। सुनवाई के दौरान दायर अपील को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता सहायक शिक्षक (पंचायत )को शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल के पद पर 6 सप्ताह में पदोन्नति पर विचार कर लाभ देने के निर्देश दिए हैं।

- शासन पहले ग्रंथपाल को ही प्रमोशन के लिए पात्रता दे रही थी

शासन केवल सहायक शिक्षक (पंचायत) ग्रंथपाल को ही शिक्षक (पंचायत) ग्रंथपाल के पद पर पदोन्नति के लिए पात्र मान रही थी, जिससे अन्य सहायक शिक्षक (पंचायत) पदोन्नति से वंचित हो गए थे। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत की युगलपीठ ने यह फैसला दिया है।

### इन शर्तों को पालन करने वाले पात्र

छत्तीसगढ़ शिक्षक (पंचायत) संवर्ग ( सेवा तथा भर्ती ) नियम 2012 के अनुसार सहायक शिक्षक (पंचायत) जो लाइब्रेरी साइंस में डिप्लोमा या डिग्री हो और 7 वर्ष अनुभव रखते हो, वो वह शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल के पद पर पदोन्नति के पात्र हैं। याचिकाकर्तागण सर्वेश शर्मा और अन्य सहायक शिक्षक पंचायत के पद पर गरियाबंद में 2008 में नियुक्त हुए थे। 7 साल के बाद उन्हें शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल के पद पर पदोन्नति की पात्रता थी, किन्तु 2018 में राज्य शासन ने एक निर्देश जारी किया कि केवल सहायक शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल ही शिक्षक पंचायत ग्रंथपाल बन सकते हैं।

# स्वच्छता दीदीयों ने किया मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शत प्रतिशत मतदान के कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवम स्वीप जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान लगातार जारी है।

- डॉ पाणिग्राही ने लोगों को दिया हल्दी पीला चावल युक्त नेवता पत्र

मतदान जागरूकता की कड़ी में निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के दिशा निर्देश में नगर निगम दुर्ग की स्वच्छता दीदियां भी जागरूकता के लिए कदम बढ़ा रही हैं। स्वीप वॉलंटियर डॉ पाणिग्राही की अगुवाई में वार्ड नंबर 43 के स्वच्छता दीदियों ने अभियान में भागीदारी निभाई। स्वच्छता दीदियों ने ₹एक हाथ में सफाई के लिए झाड़ू तो दूसरे हाथ में




मतदान जरूर करें लिखी तख्ती थामें मतदान जागरूकता के नारे लगाए। ₹सबसे पहले मतदान, उसके बाद दूसरा काम । डॉ पाणिग्राही ने बताया यह ऐसा समय होता है जब लोग बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा, वरिष्ठजन सभी मॉर्निंग वॉक के लिए जाते रहते हैं तो कुछ लोग मॉर्निग वॉक से लौटते रहते हैं। ऐसे समय में मतदान जागरूकता बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचा। कुछ लोग तो नारे सुनकर तख्तियां देखकर कौतूहलवश आ पहुंचे और शामिल हुए। स्वच्छता सुपरवाइजर अनिल रत्नाकर, आलोक हेला की सहभागिता के साथ मतदान संकल्प एवम नारे लगाते हुए मतदान की अपील का एक अच्छा संदेश लोगों के बीच गया।

स्वच्छता दीदी एवम आने जाने वाले लोगों को हल्दी पीला चावल युक्त नेवता पत्र दिए। डॉ पाणिग्राही ने बताया कि, मतदाता जागरूकता का यह क्रम अन्य वार्डों में भी किया जायेगा।

# बरसात के पूर्व बैक लाइन सफाई कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम के भिलाई टाउनशिप के पार्षद ने शनिवार को बीएसपी के नगर सेवा विभाग में नगर की समस्याओं से रूबरू होते हुए बीएसपी के जन स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपमहाप्रबंधक चंद्राकर सिंह से मुलाक़ात कर टाउनशिप के बैक लाइन के सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया और मांग की कि बरसात के पूर्व

- टाउनशिप की समस्याओं को लेकर बीएसपी के नगर विभाग में सौंपा ज्ञापन



भिलाई टाउनशिप के आवासों के पीछे बैक लाइन की सफाई कराया जाए।

उप महाप्रबंधक ने आश्वासत किया कि जल्दी ही समस्याओं पर ध्यान देकर समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर निगम के एमआईसी सदस्य व राजस्व प्रभारी सीजू एन्थोनी, जोन-5 के अध्यक्ष राजेश चौधरी, सुरेश वर्मा, पार्षद उमेश साहू, सेवन कुमार, मालती ठाकुर, अभय सोनी, अनामिका शर्मा, कोमल टंडन आदि मौजूद थे।

**आज निकलेगी रैली:** भिलाई। हनुमान जयंती पर टाउनशिप में आज रैली निकलेगी। जगह-जगह आयोजन भी होंगे।

# सफाई कामगार महिला को निकाला नौकरी से, मजदूरों में आक्रोश व्याप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जंयती पर महिला सफाई कामगारों के बीच बैठक आयोजित कर संविधान निर्माता को पुष्प अर्पित कर जंयती मनाई गई। गरीब मजदूर भूमिहीन आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक सफाई कामगार समुदायों के लिए डॉ. आंबेडकर द्वारा आर्थिक सामाजिक स्वस्थ सुरक्षाओं को लेकर किए गए संघर्षों तथा योगदान को याद किया गया। लेकिन अब मौजूदा व्यवस्था में किसी भी सरकार द्वारा सफाई कामगारों के हक अधिकार के लिए मौन हो जाते हैं। समस्त निकायों में सफाई कामगारों में खासकर महिला सफाई कामगार अधिक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। महिला कामगारों की गैर कानूनी तरीके से छंटनी, कम मजदूरी, स्वस्थ एवं सामाजिक सुरक्षा को लेकर उदासीन एवं लापरवाही बरती जा रही है। स्वच्छता दीदी को न समय पर मासिक मानदेय मिलते हैं और नहीं पीएफ, ईएसआईसी जैसी सुविधाएं मिलती है। प्लेसमेंट महिला सफाई कामगार सोनू बेगम विगत 15-16 सालों से नगर निगम भिलाई में कार्यरत थी जोकि विधानसभा चुनाव के दौरान कथित नेताओं द्वारा पैसे के प्रलोभन में आकर अज्ञानवश गलती से मुहल्ले कि चुनावी कैंपेन में शामिल हो गई थी, जिस पर निकाय एंजेसी ने प्लेसमेंट के नाम पर विगत 6 महीनों से काम से बाहर कर रखा है। पीड़ित महिला कामगार जनप्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासन से काम पर बहाली के लिए कई मिन्नतें और आवेदन कर चुकी है। लेकिन बहाली नहीं हो पाई है ,मानों महिला सफाई कामगार ने कोई जघन्य कानूनी अपराध कर लिया हो जिस पर महिला मुक्ति मोर्चा ने ख़ासा नाराज़गी व्यक्त किया है। महिला सफाई कामगार की बहाली के लिए राज्य महिला आयोग से भेंटकर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

- राज्य महिला आयोग से भेंटकर उचित कार्रवाई की करेंगे मांग

**राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की कल आमसभा**

# भीड़ जुटाने संगठन नेताओं को टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भिलाई आएंगे। यहां उनकी बडी आमसभा का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए सह प्रभारी राजीव अग्रवाल ने शनिवार को दुर्ग के भाजपा कार्यालय में संगठन के नेताओं की बैठक लेकर सभी को भीड जुटाने बकायदा टारगेट दे दिया गया है।

उल्लेखनीय हैं कि, दुर्ग में तीसरे चरण का चुनाव होना है। जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी प्रदेश में 23 और 24 को सभा करेगें। उनके आने के एक दिन पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खुर्सीपार मैदान भिलाई में विशाल आमसभा करेगे। आगामी दिनों होने वाली कार्यक्रम को लेकर शनिवार को लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल द्वारा भाजपा कार्यालय में पार्षदों व जिला व मंडल पदाधिकारीयो की संयुक्त बैठक लेकर जेपी नड्डा की सभा में जाने के लिए अधिक से अधिक




कार्यकर्ता को ले जाने टारगेट दिया गया। इस दौरान बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा शहर विधायक गजेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय विनायक नातू, अल्का बाघमार नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, जिला मंत्री आशीष निमजे, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पार्षद व पदाधिकारी मौजूद थे।

### नामांकन रैली को बताया ऐतिहासिक

इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि विगत दिनों भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के नामांकन रैली में भाजपा पार्षदो व कार्यकर्ताओं के सहयोग से ऐतिहासिक रैली निकली। जिससे पूरे लोकसभा क्षेत्र में जोरदार माहौल बना है और जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करने आतुर है, किंतु चुनाव मैदान में भाजपा कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहती बल्कि रिकार्ड जीत हो इसलिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता अपने स्तर पर जी तोड़ मेहनत करेगी।

### विधायक गजेन्द्र ने दिलाया भरोसा

बैठक में विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि, शहर में भाजपा पार्षद व पदाधिकारी बेहद सक्रिय है। उनके सहयोग से सभा भी सफल होंगे। बैठक में पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, चमेली साहू, कविता तांडी, मीना सिंह, हेमा शर्मा, कुमारी बाई साहू, शशि साहू, पुष्प गुलाब वर्मा, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, सहित अनेक कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

# वैशालीनगर विस में रिकार्ड मतों मिलेगी जीतः रजनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भाजपा केम्प मंडल शास्त्री नगर मुन्ना होटल समोसा चौक वार्ड-27 केम्प-1 में चाय पर चर्चा की गई। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल व भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसम्पर्क करने धर्मपत्नी रजनी बघेल ने चाय पर चर्चा करने पहुंचे। जहां लोगों से मुलाक़ात करते हुए चाय की चुस्की के साथ कहा कि अपनों से अपनी बात करने के लिए आई हूं। आप सब ने अबतक जो प्रेम, आशीष दिया है उसे आगे भी बनाये रखियेगा यही अनुरोध करबे आए है। भाजपा केम्प मंडल और महिला मोर्चा के महिलाओं ने रजनी बघेल के पहुंचते ही स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने हम महिलाओं को मान सम्मान दिया है, इसलिए इस बार लक्ष्य चार सौ पार के साथ तीसरी बार फिर से मोदी सरकार बनाएंगे और दुर्ग लोकसभा की जनता फिर से इतिहास रचने जा रही है। वैशाली नगर विधानसभा से पैंसठ हजार मतों से जीत दर्ज कराए थे, इस बार रिकार्ड बनाते हुऐ एक लाख मतों से निश्चित विजय की विजय होगी। वैशाली नगर विधानसभा से रिकॉर्ड मतों से होगी और केम्प मंडल में भाजपा के सात पार्षद एवं प्रदेश में 54 विधायक हैं, जिसके चलते जनता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में लोकसभा से 11 के 11 हम मोदी के झोली में रामलाल के ननीहाल से भेजेंगे। इस वादे के साथ की जो राम को लाएं हैं हम उनको लायेंगे।

- भाजपा प्रत्याशी की पत्नी ने की चाय पर चर्चा

# आबकारी महकमे ने बस स्टैंड होटल और ढाबों में दी दबिश

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव के चलते आबकारी विभाग द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर दबिश देकर जांच पडताल की है। इस दौरान बस व होटलों में जांच पडताल कर जानकारी मांगी गई। आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देश एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग दुर्ग की भिलाई एवं दुर्ग नियंत्रण कक्ष की संयुक्त टीम द्वारा आगामी लोकसभा सभा निर्वाचन को ध्यान में रखकर होटल, ढाबों की जाँच तलाशी अभियान चलाया गया।

## खबर संक्षेप



### सांगली में हुआ महतारी वंदन कार्यक्रम

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी शक्ति केंद्र सांगली में महतारी वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष उज्जवल सिंह, लखनलाल गुरुपंच, प्रभारी मंडल के मंत्री ढंगू राम, नेनसिंह, पारस कुमार सोनवानी, जीवरखान साहू, धनेश राम साहू, घनश्याम सहारा, निरा साहू, सरपंच नमृता साहू एवं ग्राम सांगली के समस्त कार्यकर्ता एवं लाभार्थी उपस्थित थे।

### बाबा दरबार धनोरा में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान प्रकटोत्सव



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हनुमान प्रकटोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा, दरबार प्रतिनिधि चंद्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने बताया कि आज 22 अप्रैल सोमवार को शाम 7 बजे से हिरेश सिन्हा एवं तिजेश्वरी सिन्हा गाड़ा गाड़ा जोहार फेम परसदा उत्तर बस्तर वाले मंडली द्वारा आज मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, 23 अप्रैल मंगलवार को शाम 4 बजे से दरबार से भव्य झांकी के साथ जय बजरंग अखाड़ा मंडली सिवनी मंदिर हसौद वाले द्वारा कला के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दरबार से शुरू होकर बजरंग पारा बाजार चौक मेन गली शीतला माता कर्मा मंदिर पारा बंमलाई पारा से गोल्डन चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंचेगी। वहां पताका चढ़ाकर पूजा पाठ करके हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इसी दिन सुबह 10 बजे से लक्ष्मण बाबा एवं पंडित गिरीराज शर्मा द्वारा मारुति यज्ञ हवन किया जाएगा। उसके बाद शाम 4 बजे महाप्रसाद खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। दरबार एवं महावीर उद्यान को तोरण पताका एवं लाईट से सजाया जा रहा है।

### स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट में सेंध लगाने की कोशिश

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर कर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट से तीन करोड़ रुपए आहरण करने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सीनियर अकाउंटेट की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंदार शिलेदार तथा दो अन्य की शिकायत पर पुलिस ने मेसर्स बग्स सॉफ्टटेक प्राइवेट लिमिटेड के संचालक बुद्ध भगवान साहू, फाइनेंस एजेंट राजेश यादव तथा एक अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सीनियर अकाउंटेट ने पुलिस को बताया है कि कंपनी का यूनियन बैंक में अकाउंट है, छह मार्च को बग्स सॉफ्ट टेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से तीन करोड़ रुपए भुगतान करने का मैसेज आया। इस संबंध में जानकारी जुटाई गई तक पता चला की डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने किसी के नाम से तीन करोड़ रुपए का चेक जारी नहीं किया है।

### तालाब की सफाई में निकली 10 डंपर जलकुंभी

**रायपुर।** राजधानी के महामाया मंदिर वार्ड स्थित महाराजबंद तालाब अब जलकुंभी मुक्त हो गया है। 20 दिन में इस तालाब से 10 डंपर जलकुंभी निकालकर तालाब को साफ किया गया। स्थानीय मछुआरों को जलकुंभी निकालने जोन स्तर पर ठेका दिया गया है। महीने की शुरुआत से ही तालाब से जलकुंभी निकालने का काम प्रारंभ कराया गया। शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक महाराजबंद तालाब को संरक्षित करने नगर निगम जोन 6 द्वारा तालाब की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है।

## सियासत : मतदान की तिथि करीब आने के साथ गरमाई राजनीति

# भाजपा वोट की नहीं, विकास की राजनीति करती है, कांग्रेस के पास कोई विजन नहीं : भोजराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- कांकेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ने वनांचल क्षेत्रों में पहुंच कर मांगा जीत का आशीर्वाद

भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने रविवार को बालोद जिले के तहत डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांव में मैराथन जनसंपर्क साधा। उन्होंने कामता, गुरामी, नेतामटोला, नंगुटोला, अरजपुरी, खैरकट्टा से लेकर हितापठार, लमती, जैसे गांवों में प्रचार प्रसार किया। भाजपा प्रत्याशी ने छोटी-छोटी सभाओं को संबोधित किया साथ ही डोर टू डोर सम्पर्क भी किया, हाट बाजारों में भी अपने लिए समर्थन मांगा एवं समाज प्रमुखों के बीच भी वे अपने पक्ष में वोट की अपील करते दिखे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पिछले कई दशक के शासन पर मोदी जी का 10 साल भारी है। भारतीय जनता पार्टी वोट की राजनीति नहीं बल्कि विकास की राजनीति करती है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी भाजपा का संकल्प पत्र इस बात का प्रमाण है कि भाजपा ही इस देश के विकास और विजन का स्पष्ट सपना रखती है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की न तो देश की जनता के लिए कोई नीति है, न विजन है, और न ही कोई विकास का रोड मैप इसीलिए तो कांग्रेस को आज चुनावों में दहाई अंक तक पहुंचने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है।

इस दौरान उनके साथ कई भाजपा नेता एवं समर्थक मौजूद थे। देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, दिलीप शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, देवेन्द्र जायसवाल जिला उपाध्यक्ष, अनिता कुमेटी जिला उपाध्यक्ष,जयेश ठाकुर जिला मंत्री, रूपेश कुमार सिन्हा मण्डल अध्यक्ष, महेश पांडे पूर्व मण्डल अध्यक्ष होरी लाल रावटे जिला पंचायत सदस्य, आर एस नायक पूर्व आई पी एस, दारा सिंह भौसार्य महामंत्री मण्डल, धर्मेंद्र गडयोक पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जसराज शर्मा रेमन अटल, सुरेश देशमुख,महावीर साहु, लाल निवेद टेकाम,डेविड बारले, उमेश मंडावी, महेंद्र जायसवाल, हीरा लाल ठाकुर, निरंजन पटौदी,डोमेद्र देशमुख, युवा मोर्चा अध्यक्ष टी ज्योति पार्षद,पुनम जैन, खिलावन मंडावी, रोहित ठाकुर,कोमल साहू,कौशल मानिकपुरी, ललित साहू,डोमार साहू,डोमार नायक,मिलन भुआर्य, उमाकांत,टेकेश्वर साहू, विजय पटेल, हरेश्वर सिन्हा , सुखेन्द्र गोधरे,उतरा कुमार पिस्दा, शिवलाल,टेकसिंह छेदाम,राजू भंसाली, हिम्मत देशमुख, अमीर दास कृशाने,पुनाराम, निखिल शर्मा पाल सिंह यादव, पूर्णिमा प्रजापति,युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी बुथ अध्यक्ष, बुथ सचिव, शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक सहित सभी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### लोगों के बीच भ्रम फैला रही कांग्रेस


भारतीय जनता पार्टी से कांकेर लोकसभा प्रत्याशी श्री नाग ने कहा कि देश भर में कांग्रेस पार्टी विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब कांग्रेस के केवल पास झूठ, नकारात्मकता एवं भ्रम फैलाने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। आगामी 26 अप्रैल को मन में यह ठानकर जाना है कि कांग्रेस से पिछले कई दशकों के शोषण का बदला लेना है। उन्होंने कहा कि देश के विकासपुरुष श्री मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाना है। इसलिए भाजपा को वोट दें।

# पीएम मोदी ने कोई वादा पूरा नहीं किया, राहुल की 25 गारंटियों पर देश को भरोसा : राजेंद्र

- दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार ने लगाए आरोप

**अंडा।** कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क करते हुए चुनाव प्रचार किया। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के मोहलाई, नगपुरा, बोरई, रसमड़ा, अंजोरा, थनौद, तिरगा, निकुम, आलबरस, विनायकपुर, अण्डा, कुथरेल, चन्दखुरी, हनोदा, धनोरा, उमरपोटी, पुरई, पाऊवारा में नागरिकों से मुलाकात की। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई कम करने और हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा कर भाजपा ने दस साल पहले केंद्र में सरकार बनाई, लेकिन न महंगाई कम हुई, न हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार मिला। उलटे महंगाई कई गुना बढ़ गई। कई करोड़ बेरोजगार बढ़ गए। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी पूरा नहीं किया गया। कांग्रेस उम्मीदवार राजेंद्र साहू ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया।

जनसंपर्क के दौरान पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, नन्द कुमार सेन, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, प्रदीप चंद्राकर अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण, टिकेश्वरी लाल देशमुख प्रभारी दुर्ग ग्रामीण , मोहन हरमुख, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, रिवेंद्र यादव,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड़, तुलसी देशमुख, नन्द कुमार साहू, प्रदीप शर्मा, देवराज, जनपद सदस्य हरेन्द्र देव घृतलहरे, राकेश हिरवानी, निर्मला हिरवानी, अजय वैष्णव, तारकेश्वर चंद्राकार, दिवाकर गायकवाड़, सरपंच ममता साहू, पूर्व सरपंच कचरा बाई ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### कांग्रेस के लिए मांगा समर्थन

श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूरे देश को यह गारंटी दी है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए दिये जाएंगे। इसी तरह किसानों की कर्जमाफी के लिए आयोग का गठन किया जाएगा। एमएसपी बढ़ाने की दिशा में अनिवार्य और ठोस पहल की जाएगी। मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 4 सौ रुपए दी जाएगी। 30 लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा और सभी युवाओं को ट्रेनिंग के लिए एक लाख रुपए दिये जाएंगे। राहुल गांधी की पांच न्याय योजनाओं और 25 गारंटियों से देश के नागरिकों में नया भरोसा पैदा हुआ है। उन्होंने दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से कांग्रेस को वोट के साथ समर्थन और सहयोग देने की अपील की।



# गर्मी तेज, बच्चों ने पक्षियों के लिए की दाना-पानी की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है, गर्मी में मानव हो या फिर पशु–पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह–जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है।

ग्राम किलेपार में बच्चों ने पक्षियों की आवश्यकता को समझा और दाना पानी की व्यवस्था की। ग्राम किलेपार की यशस्वी साहू, योगेश्वरी, किरण, गायत्री व प्राची साहू ने अपने घर की छत पर पक्षियों के लिए सकोरे में दाना–पानी की व्यवस्था की है, ताकि बेजुबान पक्षियों को दाना–पानी के लिए भटकना ना पड़े। यशस्वी साहू ने लोगों से अपील कर कहा है कि अपने–अपने घरों की छत पर पक्षियों के लिए दाना–पानी की व्यवस्था कर पुण्य का भागीदारी बनें।

उन्होंने कहा कि गर्मी में पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके।

### वाहनों की जांच...



**गुरूर।** धमतरी-पुरूर के नेशनल हाईवे पर लोकसभा चुनाव के कारण मार्ग से आने जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है।

# गोड़ेला में कर्मा महोत्सव, आदर्श विवाह आज, सीएम साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

जिला साहू संघ बालोद के तत्वावधान में तहसील अर्जुन्दा के विशेष सहयोग से संत माता कर्मा महोत्सव व आदर्श विवाह मोहंदीपाठ परिक्षेत्र के ग्राम गोड़ेला में 22 अप्रैल को होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ टहलसिंह साहू करेंगे। पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने बताया कि पूरे जिले के 430 गांवों से लगभग 20 हजार की संख्या में गोड़ेला में साहू समाज पहुंचेगा। कार्यक्रम सुबह 8 बजे कलश यात्रा के साथ शुरु होगी। मां कर्मा की महाआरती होगी। दोपहर लगभग 12.30 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अतिथि पहुंचकर सामूहिक आदर्श विवाह में सात जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।



कार्यक्रम के दौरान सामाजिक चर्चा के साथ ही प्रतिभाओं का सम्मान होगा। महाभंडारा में भोजन व खिचड़ी बांटी जाएगी। इस आयोजन में अध्यक्ष सोमन लाल साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ उमांशकर साहू सहित समाज के पदाधिकारी पवन सोनवर्षा, चुकेश्वर साहू, पवन साहू सहित सभी समाजिक महिलाएं जुटी हैं।

# भारत का संत समाज नेपाल के साथ : संत राम बालक दास

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत रामबालक दास महात्यागी जी इस समय नेपाल देश में हैं जहां पर छतरा विराटनगर में बागेश्वर धाम सरकार की कथा चल रही है। जगतपुर रामानंदाचार्य भारत के विशिष्ट संत एवं बागेश्वर धाम के मंच पर बाल योगेश्वर संत श्री राम बालक दास ने कहा कि सनातन हिंदू राष्ट्र भारत ही नहीं बल्कि नेपाल भी हिन्दू राष्ट्र है और आगे भी रहेगा। उन्होंने बागेश्वर धाम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतवर्ष की संस्कृति को आप पूरे दुनिया में प्रचलित कर रहे हैं और संत समाज को बड़ी आशा है कि सनातन हिंदू राष्ट्र के लिए बागेश्वर धाम के कार्य आगे भी इसी तरह चलते रहेंगे। जगतगुरू रामानंद ने छत्तीसगढ़ पाटेश्वर धाम में बंद रहे मां कौशल्या मंदिर के निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी। श्री बागेश्वर सरकार समेत सभी संतों ने 2026 में मां कौशल्या मंदिर के उद्घाटन अवसर पर पाटेश्वर धाम में आने की स्वीकृति भी प्रदान की।



# 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं ने अपने घर में ही किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई होम वोटिंग की सुविधा का लिया लाभ

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई होम वोटिंग की सुविधा के फलस्वरूप अपने शारीरिक असमर्थता तथा अति वृद्धावस्था के कारण शारीरिक अस्वस्थता का सामना कर रहे जिले के 85 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग करने का सपना साकार हुआ है।

निर्वाचन आयोग के इस अभिनव एवं अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था के फलस्वरूप जिले के सभी मतदाता आज बहुत ही आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए होम वोटिंग की सुविधा वास्तव में जिला मुख्यालय बालोद के पाण्डे पारा निवासी 92 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता भैय्या राम साहू के लिए अपने गंभीर शारीरिक असमर्थता के बावजूद अपने मताधिकार का प्रयोग करने के सपने को साकार करने का कारगर माध्यम साबित हुआ। शारीरिक अस्वस्थता एवं वृद्धावस्था के कारण चलने–फिरने में पूरी तरह से असमर्थ होने के उपरांत भी बुजुर्ग भैय्या राम साहू को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग की सुविधा मिलना इसके लिए किसी मन वांछित कामना की पूर्ति जैसा था।

भारत निर्वाचन आयोग के इस अत्यंत महत्वपूर्ण एवं कारगर व्यवस्था के फलस्वरूप अपने उम्र के इस अंतिम पड़ाव में विपरित परिस्थितियों के बावजूद भी आज उसे होम वोटिंग की सुविधा मिलने से बुजुर्ग भैय्या राम साहू ने भारत निर्वाचन आयोग के प्रति विनम्र आभार माना है। उन्होंने कहा कि आज से कुछ समय पहले तक उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी, कि मैं अपने गंभीर शारीरिक असमर्थता के कारण अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकूँगा। लेकिन आज भारत निर्वाचन आयोग के इस नवीन, अभिनव एवं अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था के फलस्वरूप विपरीत हालात में भी आज उसे अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की यह नवीन व्यवस्था उनके जैसे अनेक चलने–फिरने में असमर्थ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए अत्यंत कारगर साबित होगा।



## गर्मी के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

# तेज धूप व भीषण गर्मी से लोग हलाकान, सड़कें सुनसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

खनिज नगरी दल्ली राजहरा जहां दर्जनों खदानें संचालित हैं। आयरन ओर लौह अयस्क खदान होने की वजह से दल्लीराजहरा क्षेत्र में गर्मी ज्यादा पड़ रही है। भीष्म गर्मी के कारण लोग घर में ही रहना पसंद कर रहे हैं। घर से बाहर कम निकल रहे हैं, जिसके कारण सड़कों पर सुनसान है।

लोगों को कई दिनों से सूर्य देव के प्रचंड तेवरों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही भीषण गर्मी लोगों की हालत बिगाड़ रही है। लू के थपेड़े लोगों को झुलसा रहे हैं। भीषण गर्मी से अभी राहत के आसार भी नजर नहीं आ रहे। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी कई दिनों तक लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। 25 जून से मौसम में परिवर्तन होने और बारिश के आसार बने हुए हैं। उसके बाद ही लोगों को गर्मी से निजात मिल सकेगी। दल्लीराजहरा में दिन की शुरुआत के साथ ही सूर्य की तपन से धरती तपने लगती है। दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। जो लोग सड़कों पर नजर आते हैं, वो भी पसीने से तर-बतर रहते हैं। यही नहीं बाजारों से भी ग्राहक गायब हो जाते हैं। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते रहते हैं।





### 43.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया अधिकतम तापमान

भीषण गर्मी के बीच रविवार को दल्लीराजहरा का अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि दोपहर करीब दो बजे तक 45 डिग्री सेल्सियस तक का आभास हो रहा था। धूप तेज होने के चलते दोपहर में लोग बाहर निकलने से बचते नजर आए। जो लोग घर से बाहर निकले, वह भी धूप व लू से बचने के लिए सिर व मुंह पर कपड़ा बांधे रहे। गर्मी से निजात पाने के लिए बच्चे व युवा नहरों व तालाबों में छलांग लगाते दिखे, दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है गर्मी के चलते काफी काम प्रभावित हो रहे हैं।

